>

Title: Need to construct Railway Under Bridges at various level crossings in Bikaner Parliamentary Constituency, Rajasthan.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** रेलवे मंत्रालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में आर.यू.बी बनाने के संबंध में स्पष्ट नीति की घोषणा होनी चाहिए। मैं बीकानेर (राजस्थान) संसदीय क्षेत्र से आता हूं। वर्तमान में गेज परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है, लेकिन ग्रामीणों के लिए रेलवे क्रासिंग के रास्ते बंद होने की स्थिति में ग्रामीण गेज परिवर्तन के कार्य को बाधित कर सकते हैं। रेलवे मंत्रालय का यह कहना कि ग्रामीण अवैध रूप से क्रासिंग कर रहे हैं, यह दलील ठीक नहीं है। ग्रामीण 40-50 वर्षों से इसी रास्ते का उपयोग कर रहे हैं। खेतों से फसल ढुलाई का भी यही रास्ता है, तो अब रेलवे क्रासिंग बंद होने पर ग्रामीणों में आक्रोश है। मेरा आपके माध्यम से रेल मंत्रालय से अनुरोध है कि आर.यू.बी. बनाने के लिए तकनीकी राशि रेलवे माफ करे तथा लेबर कम्पोनेन्ट का कार्य महात्मा गांधी नरेगा योजना से करवाने की व्यवस्था करें। शेष जो भी राशि बचती है, उसका मैटेरियल कम्पोनेन्ट के रूप में एमपीलैड/एमएलए लैड व अन्य किसी योजना से प्रबंध किया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में रेलवे फाटकों की समस्या सबसे बड़ी समस्या उभर कर सामने आ रही है। वर्तमान में रतनगढ़ से बीकानेर के मध्य गेज परिवर्तन का कार्य प्रगति पर है, लेकिन लगभग 10 स्थानों पर ग्रामीण जनता ने रेलवे क्रासिंग पर धरना दे रखा है। कुछ एक धरने 4 महीने से भी अधिक समय से चल रहे हैं। रेलवे को इस समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए तथा सही ढंग से सर्वेक्षण कराकर जहां-जहां भी आर.यू.बी. बन सकते हैं, वहां पर आर.यू.बी. बनाने की व्यवस्था की जानी चाहिए, जिससे गेज परिवर्तन का कार्य भी समय पर पूरा हो सके एवं ग्रामीण जनता को भी सुगम आवागमन का साधन उपलब्ध हो सके।